इंदिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह

चर्चा में क्यों?

11 मार्च, 2023 को राजस्थान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत जयपुर ज़िला परिषद सभागार में ज़िला प्रशासन एवं ज़िला महिला अधिकारिता कार्यालय के तत्वावधान में ज़िलास्तरीय इंदिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

प्रमुख बिंदु

- आयोजित कार्यक्रम में महिला एवं बालिका विकास के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं एवं शख्सियतों का सम्मान किया गया।
- समारोह में इनाया फाउंडेशन को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया, वहीं सरिता योगी को द्वितीय एवं एकादशी फाउंडेशन को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- सम्मानित हुई संस्थाओं और शख्सियतों को नगद पुरस्कार के साथ-साथ स्मृति चिह्न एवं प्रमाण-पत्र भी प्रदान किये गए।
- इस अवसर पर उपनिदेशक महिला अधिकारिता डॉ. राजेश डोगीवाल ने उड़ान योजना में जनजागरूकता में अहम भूमिका निभाने के लिये गरिमा शर्मा, पारुल एवं डॉ. श्रद्धा का भी सम्मान किया।
- इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग की एक साथिन, एक कार्यकर्त्ता, एक सहयोगिनी, एक सहायिका को भी 11-11 हज़ार रुपए के नगद पुरस्कार, स्मृति चिह्न एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indira-mahila-shakti-promotion-and-honor-ceremony